## धनतेरस के साथ दीपोत्सव शुरू

**छबड़ा** (निसं)। उत्साह व उमंग का दीपोत्सव पर्व की शुरुआत धनतेरस के साथ हो गई। शनिवार को यहां के बाजार में भीड़ देखी गई। सोना, चांदी, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं वाहनों के शो रूम में अच्छी भीड़ रही। शुभ योग के कारण जमकर खरीदारी के साथ बाजार बूम-बूम रहा। धनतेरस पर लोगों ने अपने घरों के सामने रंगोली बनाकर भगवान कुबेर का स्वागत किया। इस दिन खास यम व कुबेर की पूजा की गई। लोगों ने अपने घरों को रंग-बिरंगे झालरों से सजाया। ऑटो मोबाइल, मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, बर्तन, सराफा, फर्नीचर, कपड़ा सहित सजावटी सामग्री की दुकानों में भीड़ रही।

## छबड़ा के विद्यार्थियों ने विज्ञान मेले में इतिहास रचा

**छबड़ा** (निसं)। विद्या भारती द्वारा आयोजित विज्ञान मेले की जिला स्तरीय प्रतियोगिता में आदर्श विद्या मंदिर, छबड़ा के चार होनहार विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का गौरव बढाया। कक्षा 8 के विद्यार्थी पुनीत रावल और देव चौधरी (बाल वर्ग), तथा कक्षा 9 की कृष्णा मेहता और कक्षा 10 के केशव मेहता (किशोर वर्ग) ने अपने इनोवेटिव प्रोटोटाइप प्रस्तुत कर 3 अक्टूबर को मदनलाल भवानी शंकर गुप्त बालिका आदर्श विद्या मंदिर, छबडा में आयोजित प्रतियोगिता में पहला स्थान हासिल किया।

जिला स्तर पर सफलता के बाद पुनीत और कृष्णा का चयन चित्तौड़ प्रांत स्तर की प्रतियोगिता के लिए हुआ, जो 6 से 8 अक्टूबर तक आदर्श विद्या मंदिर, भीलवाडा में संपन्न हुई। यहाँ पुनीत ने बाल वर्ग में प्रथम तथा कृष्णा ने किशोर वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जिससे वे राज्य स्तर के लिए योग्य बने। राज्यस्तरीय विज्ञान मेले का आयोजन 13 से 15 अक्टूबर तक नवीन आदर्श विद्या मंदिर, सूरतगढ़ (श्रीगंगानगर) में किया गया, जिसमें राजस्थान के तीनों प्रांत-जोधपुर, जयपुर और चित्तौड-के विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस चरण में पुनीत रावल ने बाल वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त कर मेडल व प्रमाण-पत्र अर्जित किया, जबकि कृष्णा मेहता को सहभागिता प्रमाण-पत्र मिला। इन विद्यार्थियों के नवाचारित प्रोटोटाइप में पुनीत रावल का क्राउड कंट्रोल मैनेजमेंट सिस्टम, कृष्णा मेहता का पोर्टेबल ईसीजी प्रणाली, केशव मेहता का तरल पदार्थ मापन प्रणाली और देव चौधरी का स्वचालित टू-व्हीलर इंडिकेटर सिस्टम प्रमुख रहे। विद्यालय की अटल टिंकरिंग लैब में लर्निंग लिंक्स फाउंडेशन द्वारा नियुक्त अटल मेंटर सोमदत्त जांगिड़ के मार्गदर्शन में छात्रों ने ये प्रोटोटाइप तैयार किए। विद्यालय के प्रधानाचार्य अमृतलाल मीणा ने छात्रों को बधाई देते हुए तथा सहयोगी इंडसइंड बैंक लिमिटेड की फ्लैगशिप योजना, लर्निंग लिंक्स फाउंडेशन एवं एंकर पार्टनर्स वाटर का आभार प्रकट किया। इस सहयोग से हमारे छात्र न केवल प्रतियोगिताओं में सफलता प्राप्त कर रहे हैं, बल्कि नवाचार की दिशा में भी आगे बढ़ रहे हैं।

## कोटा में 53 लाख की अवैध शराब पकड़ी

**कोटा,** (निसं)। कोटा में आबकारी विभाग ने दिवाली से पहले बड़ी कार्रवाई की और गुजरात जा रही शराब की बड़ी खेप पकड़ी, कार्रवाई दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के गोपालपुरा टोल प्लाजा के नजदीक शुक्रवार रात की गई। इस मामले में ट्रक ड्राईवर को गिरफ्तार किया गया।

शराब ट्रक में चिलर प्लांट की आड़ में छुपा कर ले जाई जा रही थी। आबकारी विभाग के एडिशनल कमिश्नर नरेश मालव ने बताया कि आबकारी निरोधक दस्ते के उपायुक्त व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अतुल अग्रे को मुखबिर से सूचना मिली कि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से अवैध शराब ले जाई जा रही है।

दस्ते ने गोपालपुरा टोल प्लाजा के नजदीक गुजरात नंबर के संदिग्ध ट्रक को रुकवाया गया। एएसपी अतुल अग्रे ने बताया कि पीछे की तरफ चिलर प्लांट रखा था। इसे पूरी तरह पैक किया था, इस चिलर प्लांट को इलेक्ट्रिक कटर की मदद से कटवाया तो उसमें अवैध शराब मिली। जो पंजाब निर्मित शराब थी। इस शराब की कुल कीमत 52.96 लाख रुपए है। इसमें 599 कार्टन शराब थी, तीन ब्रांड की 16,620 बोतलें थी। माल और ट्रक जब्त कर लिया। ट्रक चालक बाड़मेर जिले के गुड़ामालानी निवासी धर्मेंद्र सारण को गिरफ्तार किया।

### कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-एफ11विक्रय/2025/432 दिनांक:-17.10.25

**नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत् आम सूचना**

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा द्वारा भूखण्ड संख्या 1274 बी श्रीनाथपुरम पुनर्वास योजना में आवंटन पत्र क्रमांक 276 दिनांक 29.12.1995 को श्री हीरा लाल मेघवाल पुत्र श्री मोटा राम के नाम आवंटन किया गया था। आवंटी श्री हीरा लाल मेघवाल पुत्र श्री मोटा राम द्वारा उक्त भूखण्ड का जर्ये मुख्तारआम श्रीमती सन्तरा बाई पत्नी श्री रामदयाल सुमन द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 02.06.2014 को श्री रामदयाल सुमन पुत्र श्री धन्नालाल सुमन को विक्रय कर दिया गया है। अत: श्री रामदयाल सुमन पुत्र श्री धन्नालाल सुमन द्वारा उक्त भूखण्ड का स्वामित्व अपने नाम से नामहस्तान्तरण करने हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति दने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर-अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात् उक्त भूखण्ड संख्या 1274 बी श्रीनाथपुरम पुनर्वास योजना का नाम हस्तान्तरण श्री रामदयाल सुमन पुत्र श्री धन्नालाल सुमन के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

**उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

### कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-एफ11विक्रय/2025/431 दिनांक:-17.10.25

**नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत् आम सूचना**

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा द्वारा भूखण्ड संख्या 1273 बी श्रीनाथपुरम पुनर्वास योजना में आवंटन पत्र क्रमांक 279 दिनांक 29.12.1995 को श्री बृजबल्लभ पुत्र श्री धन्नालाल के नाम आवंटन किया गया था। आवंटी श्री बृजबल्लभ पुत्र श्री धन्नालाल द्वारा उक्त भूखण्ड का जर्ये मुख्तारआम श्री रामदयाल पुत्र श्री धन्नालाल द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 02.09.2002 को श्रीमती सन्तरा बाई पत्नी श्री रामदयाल को विक्रय कर दिया गया है। अत: श्रीमती सन्तरा बाई पत्नी श्री रामदयाल द्वारा उक्त भूखण्ड का स्वामित्व अपने नाम से नामहस्तान्तरण करने हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर-अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात् उक्त भूखण्ड संख्या 1273 बी श्रीनाथपुरम पुनर्वास योजना का नाम हस्तान्तरण श्रीमती सन्तरा बाई पत्नी श्री रामदयाल के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

**उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

### कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-एफ-11विक्रय/2025/434 **विज्ञप्ति** दिनांक:-17.10.25

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा की योजना आनन्दपुरा आवासीय भूखण्ड संख्या 901-बी (126 वर्ग मीटर) का उप-विभाजन दिनांक 04.07.2025 को श्री अनवर खॉ पुत्र श्री छोटे खॉ जर्ये मुख्तारआम श्री किशन गोपाल पुत्र श्री बृजनमोहन को उप विभाजन किया गया था। उक्त भूखण्ड की विक्रय स्वीकृति जर्ये मुख्तारआम श्री किशन गोपाल पुत्र श्री बृजनमोहन द्वारा कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा से चाही जा रही है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि इस विक्रय स्वीकृति में किसी को कोई एतराज या आपति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर-अन्दर अपनी प्रस्तुत कर दें,अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात् उक्त भूखण्ड संख्या 901-बी (126 वर्ग मीटर) योजना आनन्दपुरा आवासीय की विक्रय स्वीकृति श्री अनवर खॉ पुत्र श्री छोटे खॉ जर्ये मुख्तारआम श्री किशन गोपाल पुत्र श्री बृजनमोहन के नाम जारी कर दी जावेगी।

**उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण कोटा**





















### पश्चिम मध्य रेल

**कोटा मंडल**

**अकेली निविदा सूचना सं. ईएल/टीआरडी/50/एनआईटी दिनांक 17.10.2025**

भारत के राष्ट्रपति के लिए अथवा उनकी ओर से वरि.मं.वि.इंजी (क.वि.) प.म.रे. कोटा निम्न कार्य के लिए अकेली मोहरबंद ई- निविदा आमंत्रित करता है। **निविदा संख्या एवं कार्य का नाम**- निविदा संख्या-ईएल/टीआरडी/ 50/24 (2025-26)- रिपेयर ऑफ रिले टेस्टिंग किट (मेक-पोनोवो मॉडल नं. टाइप टी-200A) ऑफ आर सी कोटा। **कार्य की अनुमानित लागत**- 1,32,160.00/-, **निविदा बंद होने की दिनांक एवं समय**- दिनांक 10/11/2025 को 15.30 बजे। **वेबसाइट का विवरण तथा नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से निविदा का सम्पूर्ण विवरण देखा जा सके**-http://www.ireps.gov.in/ वरि.मं.वि.इंजी (क.वि.) कोटा प्रथम तल मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय प.म.रे., कोटा। ऑफर केवल ई-टेंडरिंग के माध्यम से http://www.ireps.gov.in/ पर स्वीकार किये जायेगें। निविदा दाता के पास क्लास III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए एवं आईआरईपीएस पोर्टल पर रजिस्टर्ड होना चाहिए। कोई भी निविदा मैनुअली स्वीकार नहीं है। निविदा डालने से पहले टेण्डर दस्तावेजों की स्पेशल कंडीशन व शर्तें अवश्य पढ़ लें।

(हस्ता.)

**कृते: वरि.मं.वि.इंजी (क.वि.) कोटा**

स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर






## नामांकन पत्र दाखिल

**अंता** (निसं)। अंता विधानसभा उपचुनाव के लिए 4 अभ्यार्थियों द्वारा 6 नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं। उपखंड अधिकारी अंता निर्वाचन विभाग सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार मोरपाल सुमन ने दो, नौशाद महिला ने दो तथा बारां जिला प्रमुख उर्मिला जैन भाया कांग्रेस व योगेश शर्मा ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में एक एक नामांकन पत्र दाखिल किया गया है। अब तक 12 उम्मीद वारो ने 17 नामांकन पत्र दाखिल किए जा चुके हैं।

